धाकड़ समाज का महाकुम्भ 8-9 फरवरी को, देशभर से प्रतिनिधि आएंगे

कोटा, (निसं)। श्री धाकड महासभा का 32वां राष्ट्रीय अधिवेशन 8-9 फरवरी को कोटा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक और महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष हीरालाल नागर ने मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि कार्यक्रम के दौरान धाकड़ समाज का महाकुम्भ होगा। अधिवेशन में देशभर से राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रदेश कार्यकारिणी और जिलों की कार्यकारिणी कार्यकारिणी के सदस्य, जनप्रतिनिधि व समाज के प्रबुद्धजन भाग लेंगे। अधिवेशन का उद्घाटन 8 फरवरी को धरणीधर गार्डन में मध्यान्ह 12 बजे पंजीयन के साथ होगा।

इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष रोड़मल नागर की अध्यक्षता में परिचर्चा आयोजित होगी। जिसमें तीन प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। पहला प्रस्ताव धाकड़ समाज के शैक्षिक उत्थान से संबंधित होगा। वही दूसरे प्रस्ताव में धाकड़ समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने को लेकर चर्चा होगी। वहीं तीसरे प्रस्ताव में सामाजिक उत्थान के बारे में बात होगी। इस दौरान सभी प्रतिनिधियों की सहमति से प्रस्ताव पारित होंगे।

इसी तरह 9 फरवरी को दशहरा मैदान सीएडी ग्राउण्ड में खुले अधिवेशन के रुप में महाकुम्भ आयोजित किया जाएगा। जिसमें देशभर के धाकड़ समाज के लगभग 30-40 हजार समाजबन्धु एकत्रित होंगे। हाड़ौती के प्रत्येक गांव से अधिवेशन में भागीदारी होगी।

इसके लिए कार्यकर्ताओं की टोलियां गांव-गांव जाकर समाज बंधुओ से मिलकर उन्हें अधिवेशन में आने हेतु आमंत्रित कर रही हैं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोड़मल नागर करेंगे।

कोटा में धाकड़ समाज के होने वाले अधिवेशन के पोस्टर का ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने विमोचन किया।

■ सीएम भजनलाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अतिथि होंगे

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र शिवाजी पटेल राज्यमंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग मध्यप्रदेश, दर्शन सिंह चौधरी सांसद मध्य प्रदेश, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामस्वरूप पटेल, इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़, उमानारायण पटेल, बेंगू विधायक सुरेश धाकड़, देपालपुर मध्य प्रदेश से विधायक मनोज पटेल, तुलसीराम धाकड़ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धाकड़ महासभा, रामकुमार मेहता राष्ट्रीय महामंत्री किराड़ क्षत्रिय महासभा, राधेश्याम धाकड़ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय किराड़ क्षत्रिय महासभा, हेमराज नागर नैनवां प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान, प्रेमनारायण पटेल प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश, योगेन्द्र नाथ धाकड़ प्रदेश अध्यक्ष उत्तरप्रदेश उपस्थित रहेंगे।

श्रीराम जानकी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव

कोटा, (निसं)। श्रीराम जानकी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव मंगलवार को मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में 7 दिवसीय भागवत कथा भी शुरू की गई। पूर्व मीडिया प्रभारी परमानन्द महावर ने बताया कि केशवपुरा सेक्टर 4 स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के 33वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में सात दिवसीय भागवत कथा आज से शुरू हुई जो कि 10 फरवरी तक रोज दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक चलेगी जिसमें बीनागंज मध्यप्रदेश से आये पंडित राजेन्द्र पारीक द्वारा भागवत कथा सुनाई जाएगी।

महामंत्री उम्मेदसिंह मोसलपुर ने बताया कि आज मंदिर परिसर से बैंड बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी निभाई, पार्षद लक्ष्मी मेहरा एवं नंद कंवर हाड़ा ने महिलाओं को कलश धारण करवाए। इस दौरान बग्घी की सवारी भी निकाली गई जिसका रास्ते में जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा नगर परिक्रमा करके पुनः मंदिर पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान कलश यात्रा के साथ मंदिर समिति के संरक्षक बृजमोहन सेन, उप-महामंत्री कृष्ण अवतार राठौर, संगठन मंत्री महावीर नागर, पूर्व अध्यक्ष सतीश राठौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

सार-समाचार

भगवान देवनारायण का अवतरण दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। केशवपुरा प्राचीन देवनारायण मंदिर से गुर्जर समाज द्वारा भगवान देवनारायण का 1113वां अवतरण दिवस के अवसर पर भव्य शोभायात्रा में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। देवसेना के प्रदेशअध्यक्ष मनोहर कुवाड़ा ने बताया कि केशवपुरा देवनारायण मंदिर पर देवनारायण की पूजा-अर्चना के साथ देवनारायण के जयघोष के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। इस शोभायात्रा में मनमोहक झांकियां और अखाड़े व गुर्जर समाज द्वारा सर्व समाज को पर्यावरण बचाव का संदेश देते हुए समाज की युवतियों द्वारा 2000 से ज्यादा पम्पलेटो को वितरण किया और ये युवतियां हाथों में पर्यावरण बचाव का संदेश देने वाली तख्तियां हाथ में लिए चल रही थी। इस शोभायात्रा में गुर्जर समाज के लोगों ने भगवान देवनारायण की पताका हाथ में लिए चल रहे थे और देवनारायण के जय घोष लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में गुर्जर समाज के युवा अपनी पारम्परिक वेशभूषा पहने हुए थे और गैर नृत्य करते हुए चल रहे थे। भगवान कृष्ण का होली रसिया नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा। गुर्जर समाज के युवाओ द्वारा घोड़ियों के नृत्य को देखने के लिए लोगों का हूजूम लग गया। साथ ही भगवान शंकर का अघोरी नृत्य को लोगों ने बहुत पंसद किया। जगह-जगह पर उनकी आरती उतारकर स्वागत किया गया।

शिवाजी पार्क से वॉक ओ रन में दौड़ेंगे धावक

कोटा, (निसं)। हॉट वॉइस सोसाइटी द्वारा डीसीएम रोड स्थित शिवाजी पार्क में कार्यशाला का आयोजन किया। मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने बताया कि हॉट वॉइस सोसाइटी के संयोजक डॉ.साकेत गोयल ने शिवाजी पार्क मैं क्लब के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि हेल्थ कार्निवल 7 से 8 फरवरी को उमेद सिंह स्टेडियम में आयोजित होगा 9 फरवरी को 21 किलोमीटर वॉक-ओ-रन होगी। उसमें मॉर्निंग क्लब के सभी धावक दौड़ेंगे उन्होंने बताया कि अपने हार्ट को प्रोटेक्ट रखने के लिए शक्कर और नमक का कम उपयोग करना चाहिए तथा प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 10 हजार कदम चलना चाहिऐं बैठक का कार्य कम करना चाहिए लम्बा जीवन जीने के लिए कम खाना खाएं और ज्यादा परिश्रम करें। हॉट वॉइस समिति की ओर से शिवाजी पार्क में वॉक करने वाले लगभग 200 नागरिकों को हार्ट अटैक प्रोटेक्ट टिकट का वितरण किया इस अवसर पर मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, जितेंद्र बेदी, ओम खजोतिया, पूनम मेवाड़ा, महावीर वर्मा, मोइन खान, महावीर जैन, डीके मीणा, पार्षद गिर्राज महावर, श्रवण कुमार, डॉ.योगेंद्र कहार, इकबाल, महेंद्र महेश्वरी, रमेश दीक्षित आदि सदस्यों उपस्थित थे।

दो कार में भिड़ंत, दो की मौत

मांगरोल (निसं)। मांगरोल थाना क्षेत्र में बंबोरी रोड पर मंगलवार को मऊ रोड नगर पालिका स्वागत गेट के पास दो कारों की आमने सामने भिड़ंत हुई। जिसमें दो जनों की मौत हो गई एवं तीन जने घायल हो गये। थाना अधिकारी ने बताया कि मृतक देव देवलाल पुत्र शंकर लाल (61) जाति धाकड़ निवासी बंबोरी कला एवं ब्रद्दी लाल पुत्र शंकर लाल (55) जाति धाकड़ निवासी बमोरी कला इन दोनों की घटना स्थल पर मौत हो गई है। जिसमें घायल में जीवनलाल पुत्र कालू लाल (50) प्रियांशु पुत्र शंकर लाल (23) विष्णु पुत्र रमेश (4) घायल हुए इनको बारां जिला चिकित्सालय रैफर किया गया।

सार-समाचार

जेसीआई कोटा स्टार ने वेलेंटाइन डे मनाया

कोटा, (निसं)। जेसीआई कोटा स्टार द्वारा मंगलवार को चम्बल रिवर फ्रंट पर वैलेंटाइन डे सेलिब्रेशन किया गया। संस्था के अध्यक्ष तनुज खण्डेलवाल व चेयरपर्सन रितु खण्डेलवाल ने बताया कि प्रोग्राम की थीम रिवर साईड रोमांस के तहत कई सारे कपल्स ने गेम, लकी ड्रा, सोना चांदी वेलेंटाइन हाऊजी के साथ बहुत सुंदर सुंदर प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम मेंटर अनुज स्वीटी जैन व आशीष अल्का जैन ने बताया कि ओल्ड इज गोल्ड थीम पर पुराने सदस्यों ने तथा नए सदस्यों ने नए गानों पर कपल डांस किया। कार्यक्रम निदेशक पियूष मन्नु जैन, दिशांत प्रेरणा जैन, अंकुर रुचि मित्तल, आयुष तन्वी ताम्बी ने बताया कि इस अवसर पर कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सोना चांदी हाऊजी में प्रथम हाउस डॉ.प्रदीप निशु अग्रवाल, द्वितीय हाउस, मोहित रुचिका अग्रवाल, लक्की ड्रॉ विनर रामहेत खूंटेश नागर, ग्रुप गेम में श्रेणिक कविता बाफना, डॉ.नीरज अनीता जिंदल, एंट्री गेम में कमलकांत अनीता मित्तल प्रथम रहे। सभी विजेताओं को पारस ज्वेलर्स के निर्देशक आयुष मोनिका जैन द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि इस अवसर पर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन, श्रेणिक कविता बाफना, सचिव राजकुमार मित्तल, अर्पिता मित्तल, महिला सचिव अनुप्रिया बंसल, विनय बंसल, कोषाध्यक्ष आशीष गंगवाल, प्रियंका गंगवाल, पंकज बजाज, प्रतीक गोयल, रामहेत नागर सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

कोटा, (निसं)। कोटा ग्रामीण इलाके के सिमलिया थाना इलाके में कार की टक्कर से कोटा के छावनी निवासी हलवाई की मौत हो गई। मृतक केटरिंग का काम करता था जो गढ़ेपान मे आयोजित समारोह मे काम के लिये गया था। सिमलिया थाने के थानाधिकारी सुरेश शर्मा ने बताया कि कोटा के छावनी निवासी नारायण सिंह गहलोत (60) जो केटरिंग का काम करते है। थानाधिकारी ने बताया कि नारायण सिंह गहलोत गढ़ेपान में आयोजित प्रोगाम मे केटरिंग के लिये आया था वह किसी काम से बाईक लेकर गया और भौंरा के पास डिवाइडर के कट से बाईक को मोड़ते समय बारां से कोटा की ओर आ रही एक कार चालक ने पीछे से बाईक सवार को टक्कर मार दी। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि मौके पर टक्कर लगने से बाईक और कार दोनों सडक से नीचे उतर गये। कार की टक्कर से बाईक सवार नारायण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे गंभीर घायलावस्था में उपचार के लिये कोटा के एमबीएस अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटनास्थल पर पूछताछ में सामने आया कि कार में सवार लोगों के हल्की चोटे आई और वह मौके पर कार को छोड़कर फरार हो गये। थानाधिकारी ने बताया कि मौके से कार को जप्त कर लिया गया है, मामला दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

जयंती पर शोभायात्रा निकाली

कोटा, (निसं)। नवल धर्म सभा के तत्वावधान में वाल्मिकी समाज के आराध्य गुरू महर्षि नवल स्वामी की 242वीं जयंती पर मंगलवार को संतों की शोभायात्रा निकाली गई। यूथ विंग के प्रदेशाध्यक्ष राकेश सफेला ने बताया कि इस दौरान गोलू पचेरवाल के संयोजन में बाईक रैली भी निकाली गई। भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन द्वारा विधिवत पूजन-अर्चना कर झंडी दिखाकर सूरजपोल गेट गुमानपुरा से शोभायात्रा को रवाना किया गया। शोभायात्रा महर्षि नवल सर्किल पर पहुंचकर सभा में परिवर्तित हुई। यहां मुख्य वक्ता नवल रत्न राजकुमार सरसिया ने महर्षि नवल स्वामी के जीवन एवं उनके भक्ति मार्ग के बारे में सब को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि 242 वर्षो पूर्व मेहतर वाल्मीकि समाज में जन्मे नवल राम सिद्ध महापुरुष थे। उनकी भक्ति को जोधपुर राजपरिवार ने भी माना उनके समाधिस्थ होने पर जोधपुर दरबार द्वारा जोधपुर में भव्य मंदिर बनवाया गया। जो आज भी देश-विदेश में वाल्मीकि समाज की आस्था का केंद्र है।

61 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

कोटा, (निसं)। विश्व कैंसर दिवस के अंतर्गत मंगलवार को कोटा रेलवे स्टेशन पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सुपर्णा सेन रॉय के मार्गदर्शन में अनुबंध पर कार्यरत स्टॉफ हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्टेशन पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 61 कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जाँच कर उचित चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ.ललित ने कैंसर के प्रारम्भिक लक्षणों को पहचानने, उनके कारण, उनके बचाव एवं निदान पर प्रकाश डाला एवं इस वर्ष कि थीन यूनाइटेड बाय यूनिक पर बोलते हुए बताया कि इस थीम का उद्देश्य लोगों को ये बताना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं लोगों के साथ से जीतने वाली लड़ाई हैं जिसे हमें जड़ से खत्म करना है। स्टेशन डायरेक्टर एन.के.मीना ने सबको धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि हेल्दी लाईफ स्टाईल अपनाकर ही कैंसर को हराया जा सकता।

पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आज

कोटा, (निसं)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण द्वारा नवनियुक्त जिला कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण के अध्यक्ष जोगेन्द्र बीरवाल जोन्टी और जयेश श्रृंगी ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा दक्षिण द्वारा नवनियुक्त जिला कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मान समारोह बुधवार को सुबह 11 बजे गुमानपुरा स्थित कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिला कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस सेवादल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम रहेगी।

विश्व कैंसर दिवस पर कार्यक्रम हुए

कोटा, (निसं)। विश्व कैंसर दिवस पर मंगलवार को चिकित्सा संस्थानों में जागरूकता और स्क्रीनिंग कार्यक्रम हुए। सीएमएचओ डॉ.नरेंद्र नागर ने बताया कि इस वर्ष 'यूनाइटेड बाई यूनिक थीम पर एनसीडी/कैंसर स्क्रीनिंग मुख्य रूप से तीन कॉमन कैंसर (मुँह, स्तन व गर्भाशय) के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कैंसर के जोखिम कारकों में तंबाकू, धूम्रपान आदि से बचने की सलाह और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया। जागरूकता पोस्टर, पम्पलेट, बेनर, होर्डिंग, सोशल मीडिया के माध्यम से भी कैंसर बचाव, रोकथाम का संदेश दिया गया।

कार्यकर्ता पार्टी की नींव है, मेहनती कार्यकर्ताओं को उचित स्थान मिलता है : राजेश बिड़ला

कोटा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी व्यवसाय एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ ने सामूहिक रुप से भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राकेश जैन एवं मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रतिनिधि का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेश बिड़ला ने उद्बोधन में कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की नींव है मेहनती कार्यकर्ताओं को उचित स्थान मिलता है।

व्यवसाय प्रकोष्ठ के संयोजक अनिल तिवारी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यह कोटा का गौरव है कि यहां के सांसद श्री ओम बिरला पूरे देश में कोटा को गौरवान्वित किया। चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ.अमित व्यास ने सभी अतिथियों का स्वागत किया वह संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कोरोना काल में प्रत्येक व्यक्ति की बढ़-चढ़कर मदद की।

जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी की पूंजी बताया और उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति अपने आप को अध्यक्ष समझे।

कार्यक्रम का संचालन व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट अशोक बादल ने किया इस अवसर पर आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मयंक सेठी नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी के साथ भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडल अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि ओम सुमन, चंद्र प्रकाश महावर, दिनेश सरसिया, पन्नालाल बंजारा, मनोज गोस्वामी, नरेंद्र मेघवाल, रामचंद्र नगर, सिंपल शर्मा, सोनिया राठौर, गजेंद्र सिंह देवड़ा, महेंद्र गर्ग, उपस्थित रहे।

व्यवसाय प्रकोष्ठ के सहसंयोजक गौरव सोनी नयापुरा मंडल के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, तनीषा बादल एडवोकेट मनोज पुरी, केपी सिंह, धर्मेंद्र दीक्षित, डॉ गोपाल भाटी बुद्धि प्रकाश दाधीच, राकेश शर्मा, लेखराज गोस्वामी, गिरिराज महेश्वरी, गिरीश भार्गव डॉ.पूनम व्यास , शीला तिवारी, ब्रजेशकांत शर्मा, श्याम मनोहर हरित सहित पदाधिकारी उपस्थित है।

कोटा में भाजपा व्यवसाय एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ ने सामूहिक रुप से भाजपा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष राकेश जैन एवं मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रतिनिधि का स्वागत किया है।

जागरुकता अभियान चलाया

कोटा, (निसं)। डिजीटल इंडिया को बढ़ावा एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड डिस्प्ले मशीन को लगाया गया है। पारदर्शी लेन-देन के लिए क्यूआर कोड बेस्ड ट्रांजेक्शन सरल एवं सुरक्षित होता है। साथ ही यात्रियों को कैश व खुल्ले पैसे रखने की समस्या से छुटकारा मिलता है। अतिरिक्त डिजीटल भुगतान की सुविधा के रूप में सभी आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट विंडो पर डिजीटल क्यूआर कोड डिस्प्ले मशीन लगाया गया हैं। यह सुविधा रेलवे टिकट काउंटरों पर कैश लेन-देन के अतिरिक्त सुविधा हैं। वर्तमान में देखा गया है कि अभी भी कुछ यात्री जानकारी के अभाव में क्यूआर कोड आधारित डिजीटल पेमेन्ट सुविधा का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। वर्तमान में सभी स्टेशनों के अनारक्षित व आरक्षित टिकट विंडों पर डिजीटल क्यूआर कोड डिस्प्ले मशीन लगाया गया है।

नाम परिवर्तन

I HOZEFA GULZAR S/O SHABBIR BHAI I HAVE CHANGED MY SON NAME BURHANUDDIN TO BURHANUDDIN GULZAR SO HE WOULD BE RECOGNISED BY HIS NEW NAME BURHANUDDIN GULZAR WITH IMMEDIATE EFFECT
FROM :- BURHANUDDIN GULZAR S/O HOZEFA GULZAR PURANI DHAN MANDI JHALRAPATAN DIST JHALAWAR RAJASTHAN, 326023

नाम परिवर्तन

I HOZEFA GULZAR S/O SHABBIR BHAI I HAVE CHANGED MY SON NAME MOHAMMAD TO MOHAMMAD GULZAR SO HE WOULD BE RECOGNISED BY HIS NEW NAME MOHAMMAD GULZAR WITH IMMEDIATE EFFECT
FROM :- MOHAMMAD GULZAR S/O HOZEFA GULZAR PURANI DHAN MANDI JHALRAPATAN DIST JHALAWAR RAJASTHAN, 326023

नाम परिवर्तन

I GAURAV KUMAR S/O GYAN CHAND JAIN RESIDANT OF RAIPUR DIST JHALAWAR RAJASTHAN I HAVE CHANGED MY SON NAME BHAHLYA TO BAHULYA JAIN SO HE WOULD BE RECOGNISED BY HIS NEW NAME BAHULYA JAIN WITH IMMEDIATE EFFECT
FROM :- BAHULYA JAIN S/O GAURAV KUMAR HAT CHOWK MAIN BAZAR RAIPUR DIST JHALAWAR RAJASTHAN,326036

बेदखल-नामा

मैं अनवर खॉन पुत्र श्री छोटे खॉन उम्र 75 वर्ष जाति मुसलमान निवासी पुलिस चौकी के पीछे छावनी कोटा (राज.)
यह कि मेरा छोटा पुत्र हसन खॉन उम्र 39 साल मुझे जान से मारने की धमकीयां देता है मैं वृद्ध हूं तथा बीमार रहता हूं हसन खान मुझे मेरे ही मकान से निकाल बाहर कर मकान बेचने की धमकी देता है हमारी सार सम्भाल नहीं करता है एवं हमें मानसिक एवं शारीरिक रुप से प्रताडित करता है तथा गलत संगत में पड कर सब कुछ बर्बाद करने पर तुला हुआ है। मैं आज मेरे पुत्र हसन खॉन को अपनी समस्त सम्पत्तियों से बेदखल करता हूं, मेरा आज से हसन खॉन से कोई लेना देना नहीं है अगर मेरे नाम से हसन खॉन कोई लेन देन करता है तो मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
दिनांक : 4.2.2025
एड. मनीष गौचर
अनवर खॉन पुत्र श्री छोटे खॉन
निवासी पुलिस चौकी के पीछे छावनी कोटा (राज.)
मो. नं. 9636634289

विधिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहम्मद उमर पुत्र मेहमुद अली व रुबीना मोहम्मद उमर अंसारी पत्नी मोहम्मद उमर के द्वारा देवेन्द्र सतीजा पुत्र रमेश चन्द के आधिपत्य एवं स्वामित्व की एक सम्पत्ति म.न. 4-भ-46 विज्ञान नगर जिला कोटा राजस्थान को क्रय किया जा रहा है, यह कि उक्त सम्पत्ति देवेन्द्र सतीजा को उनकी माताजी हरबंस कौर की मृत्यु उपरांत जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 23.04.2021 से प्राप्त हुई थी। यह कि उक्त सम्पत्ति का देवेन्द्र सतीजा के पक्ष में आलेखित रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 23.04.2021 देवेन्द्र सतीजा से कही गुम हो गया है। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट संबंधित पुलिस थाने में दिनांक 04.02.2025 दर्ज करा दी गई है, जिसका एल आर नं. 2584516/2025 है।
यह कि उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकारों द्वारा क्रय करके व उस पर पिरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड कोटा में रहन रखकर ऋण देने के संबंध में या गुम हुए रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 23.04.2021 एवं विधिक वारिसान के संबंध में किसी आम व्यक्ति, बैंक या संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
अजय शर्मा एडवोकेट
पता-मकान नं. 1031, 1032, सुभाष नगर द्वितीय, कोटा (राज.)
मो. 7073030526, 8239229798

बायोमैट्रिक्स हाजिरी डेटा कर्मचारी चयन बोर्ड को भेजा जाएगा

कोटा, (निसं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, रीट 2024 में कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा कराई जाने वाली भर्ती परीक्षा के लिए सुरक्षा नींव रखने का काम करेगा। पात्रता परीक्षा में ही अभ्यर्थियों के बायोमैट्रिक्स और फेस रिकॉग्नाइजेशन के जरिये अभ्यर्थियों की पहचान सुरक्षित रखेगा। यह डेटा चयन बोर्ड को भेजा जाएगा जो भर्ती परीक्षा के दौरान काम आएगा। इससे फर्जी, डमी अभ्यर्थियों पर लगाम कसने में मदद मिलेगी। परीक्षा 27 और 28 फरवरी को होगी। बोर्ड ने सुरक्षा के लिहाज से पहले ही कई दिशा-निर्देश जारी कर रखे हैं। परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक्स अटेंडेंस ली जाएगी। साथ ही फेस रिकॉग्नाइजेशन भी किया जाएगा। परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों का डेटा पहली बार बोर्ड प्रशासन के पास आएगा। पात्रता परीक्षा में लिए गए फिंगर प्रिंट भर्ती के दौरान आएंगे।

एल.एन. माहेश्वरी परमार्थ न्यास ने बसंतोत्सव मनाया

कोटा, (निसं)। शिक्षा का संबल ही विद्यार्थियों के जीवन में समृद्धता ला सकता है। उनके भविष्य को बेहतर बना सकता है। एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से शिक्षा संबल योजना के अंतर्गत कोटा में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए बसंतोत्सव मनाया गया।

इस योजनान्तर्गत देश के विभिन्न राज्यों के निर्धन परिवारों के सरकारी स्कूलों से चयनित विद्यार्थी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की निःशुल्क तैयारी कर रहे हैं। नयानोहरा स्थित एलन सुपथ कैम्पस में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 126 विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर एलन सुपथ कैम्पस प्रिंसिपल अमित काबरा ने कहा कि शिक्षा से ही राष्ट्र और आप लोगों का भविष्य समृद्ध हो सकता है और एक शिक्षित व्यक्ति ही परिवार और समाज को उज्जवल भविष्य दे सकता है। विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद सामूहिक सरस्वती वंदना हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने कहा कि हम पूरी मेहनत कर रहे हैं और यहां बहुत अच्छी सुविधाएं मिल रही है। कोटा आना हमारे जीवन के लिए टर्निंग प्वाइंट साबित हो रहा है। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मां सरस्वती की आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। गौरतलब है कि शिक्षा के क्षेत्र में निर्धन एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने के लिए गठित एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से शिक्षा संबल योजना संचालित की जा रही है। जिसके तहत 126 विद्यार्थियों को कोटा में निःशुल्क शिक्षा एवं रहने-खाने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इन विद्यार्थियों को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से नीट 2025 की तैयारी के लिए कोचिंग दी जा रही है।

अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा तस्करी में फरार आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए 2167 किलोग्राम डोडा चूरा तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी में वांछित चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये समस्त थानाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

पुलिस उपअधीक्षक गंगा सहाय शर्मा के सुपरविजन मे रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए आरकेपुरम थाना इलाके में पकड़े गये 2167 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा की तस्करी के मामले में फरार आरोपी जिला नीमच मध्यप्रदेश के थाना कुकडेशवर कुन्डला निवासी भूरालाल (42) को मध्प्रदेश से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड अवधि के दौरान अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा की तस्करी में शामिल गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि 23 फरवरी 2024 को आरकेपुरम के तत्कालीन थानाधिकारी बाबूलाल ने मय जाप्ता रावतभाटा रोड पर नाकाबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुए लोडिंग वाहन की तलाशी ली तो पुलिस को लोडिंग वाहन से प्याज के भरे कट्टो के नीचे बोरों में भरकर छिपाकर ले जा रहे अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा 2167 किलोग्राम बरामद किया था। मौके से आरोपी फरार हो गये थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी।

शहर एसपी ने बताया कि 2167 किलोग्राम डोडा चूरा तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 29 अगस्त 2024 को अमर का कुंआ निवासी कालू गुर्जर उर्फ कालू को गिरफ्तार किया था, बाद मे आरोपियों की तलाश के लिये गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए 25 जनवरी को चार-चार हजार के ईनामी तस्कर विकास पोरवाल उर्फ रिंकू, राहुल मेघवाल, रमेशचन्द गुर्जर को गिरफ्तार किया। वही टीम ने 29 जनवरी को कार्यवाही करते हुए सांवरलाल उर्फ सांवरा गुर्जर को गिरफ्तार किया। वही मामले में फरार आरोपी भूरालाल को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस टीम ने 2167 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा तस्करी में अभी तक फरार छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांकः LU2012/KOT/2024-25/100865 **लोक सूचना** दि.03.02.2025

श्री RADHARAMAN RATHI पुत्र श्री BANKAT LAL RATHI जाति MAHAJAN निवासी 153, BALLABHBARI, GUMANPURA, KOTA ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **औद्योगिक** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	कसार, लाडपुरा (कोटा)	RADHARAMAN JI RATHI S/O BANKAT LAL JI RATHI HISSA PURNA CASTE MAHAJAN 153 BALLABH BARI KOTA KHATEDAR	241	7500	0.75
			कुल		0.75

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृ